राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः–एफ.2 (क)/नोटिस/2018–19/689 दिनांक– 17/09/2018

## कार्यमुक्ति आदेश

निदेशालय, कोष एवं लेखा द्वारा जारी स्थानान्तरण आदेश संख्या 120/2018–19 दिनांक 15.06.2018 के द्वारा श्री प्रेम सागर यादव (लिंक नम्बर 4783), सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का स्थानान्तरण विकास अधिकारी, पंचायत समिति, खाजूवाला, बीकानेर से वाणिज्यिक कर अधिकारी, वृत्त–बी, बीकानेर किया गया था किन्तु निदेशालय को प्राप्त सूचना के अनुसार श्री यादव द्वारा आदिनांक तक नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया गया है।

श्री यादव को तत्काल उनके वर्तमान कार्यालय से **दिनांक 17.09.2018 मध्याह्न पश्चात एतद् द्वारा कार्यमुक्त किया जाता है** तथा निर्देश दिये जाते हैं कि श्री यादव नवीन पदस्थापन स्थान पर नियमानुसार कार्यग्रहण कर ईमेल–aao1.dta@rajasthan.gov.in/दूरभाष संख्या 0141–2744134 पर इस निदेशालय को सूचित करावें, अन्यथा नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही भी प्रारम्भ कर दी जायेगी, सूचित रहें।

(मंजुला वर्मा)
निदेशक

क्रमांकः–एफ.2 (क)/नोटिस/2018–19/689 दिनांक– 17/09/2018

प्रतिलिपि–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. विकास अधिकारी, पंचायत समिति, खाजूवाला, बीकानेर को भेजकर लेख है कि सम्बन्धित लेखाकर्मी को नवपदस्थापन विभाग/कार्यालय में कार्यग्रहण करने हेतु तत्काल कार्यमुक्त करें।
2. वाणिज्यिक कर अधिकारी, वृत्त–बी, बीकानेर।
3. श्री प्रेम सागर यादव, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय–विकास अधिकारी, पंचायत समिति, खाजूवाला, बीकानेर।
4. उपनिदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(अरविन्द दीवान)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)